an>

Title: Regarding need t o enhance the pension of retired coal mine workers particularly those retired from Pathakhera coal mines in Baitul district of Madhya Pradesh.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) : मैं सरकार का ध्यान कोल माइन्स, पाथाखेड़ा, जिला बैतूल (मध्य प्रदेश) से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की ओर दिलाना चाहती हूँ। 1998 को वेस्टर्न कोल फील्ड में पेंशन प्रक्रिया लागू की गई थी जिसके आधार पर कोल माइन्स से सेवानिवृत्त होन वाले कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा दी गई थी। लेकिन आज तक भी उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उतनी ही पेंशन मिल रही है जितनी 1998 में मिलती थी। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी को आज भी सेवानिवृत्त होने पर 250 रूपए महीने पेंशन मिलती है, जो आज की महंगाई के समय में बिल्कुल भी यथोचित नहीं है।

मैं कोल माइन्स सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति द्वारा उठाये गये कुछ प्राथमिक बिंदुओं को इसमें शामिल करना चाहती हूँ, जो निम्न हैः-

1. बेसिक सैलेरी के 50 प्रतिशत के हिसाब से पेंशन दी जाए।
2. चिकित्सा के लिए प्रतिमाह 1000/- रूपए दिए जाएं।
3. पेंशन में महंगाई भत्ता जोड़ा जाए।
4. समय-समय पर जब भी नये वित्त आयोग का गठन होगा, उसकी सिफारिशें लागू की जाएं।

अतः मेरा माननीय कोयला मंत्री जी से आग्रह है कि वह कोल माइन्स से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करने की कृपा करेंगे तथा कर्मचारियों की उपरोक्त मांगों को मानते हुए उन्हें पूरा करेंगे।